नैक द्वारा ''बी'' श्रेणी प्रदत्त

स्थापना वर्ष-1971

# जगतपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय

जगतपुर, वाराणसी ( उ0प्र0 ) 221302

(सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ-वाराणसी)

## 2020-2021









**प्रवेश आवेदन पत्र ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों में उपलब्ध है**

- ❖ **प्रवेश फॉर्म वितरण तिथि 08 मई 2020 से 25 जुलाई 2020**
- ❖ **प्रवेश फॉर्म जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जुलाई 2020**
- ❖ **प्रवेश परीक्षा तिथि 26 जुलाई 2020**
- ❖ **प्रवेश परीक्षा परिणाम की तिथि 30 जुलाई 2020**

विवरणिका + प्रवेश परीक्षा

फार्म का मूल्य : 485.00/-

बैंक शुल्क : 15.00/-

कुल : 500.00/-


सम्पर्क : 0542-2634166

Website : www.jppgc.com, E-mail : jpgc_vns@yahoo.in

# संक्षिप्त परिचय




डॉ. निलय कुमार
प्राचार्य

जगतपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना वाराणसी शहर से 9 किमी. दूर पश्चिम दिशा में वाराणसी-इलाहाबाद जी.टी. रोड पर वर्ष 1971 में हुई। ग्रामीण अंचल में अवस्थित महाविद्यालय का उद्देश्य सदा से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्रदान करना, आत्मनिर्भर बनाना व प्रबुद्ध एवं कुशल नागरिक समुदाय विकसित करना है।

प्रारम्भ में महाविद्यालय को स्नातक कला संकाय के विषयों में सम्बद्धता तत्कालीन गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से प्राप्त हुई जो समाज की आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं के सर्वथा अनुरूप थी। स्नातकोत्तर स्तर पर समाजशास्त्र व इतिहास एवं स्नातक वाणिज्य एवं विज्ञान वर्ग की मान्यता वर्ष 1996 में तत्कालीन विश्वविद्यालय वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर से प्राप्त हुई। यू.जी.सी., नई दिल्ली द्वारा गुणवत्ता संवर्धन हेतु स्नातक स्तर पर कम्प्यूटर अप्लीकेशन व पत्रकारिता जैसे व्यावसायिक विषयों का शिक्षण सर्वप्रथम इसी महाविद्यालय में प्रारम्भ हुआ। महाविद्यालय ने पारम्परिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के बढ़ते आयाम के इस क्रम में एक कदम और बढ़ाते हुए स्नातक स्तर पर बी.सी.ए. संकाय व स्नातक विज्ञान संकाय में वोकेशनल विषय बायोटेक्नोलॉजी व इण्डस्ट्रियल माइक्रोबायलाजी का शिक्षण कार्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त प्रयोगशाला के साथ वर्ष 2003 में प्रारम्भ किया।

महाविद्यालय छात्र सुविधाओं के आधुनिकीकरण एवं सवर्धन हेतु संकल्पित है। इस दिशा में महाविद्यालय ने संकायवार आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित भवनों का निर्माण कराया। प्रायोगिक विषयों हेतु उपकरणों से युक्त प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय (1 लाख से अधिक पुस्तकें, पत्र-पत्रिकाएँ) उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु आधुनिक साज-सज्जा से युक्त बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण, विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों जैसे सेमिनार, व्याख्यान-माला, वर्कशाप इत्यादि को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय द्वारा कराया गया। वर्ष 2009 से महाविद्यालय की सम्बद्धता महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से हुई। तदुपरान्त (विकास यात्रा को जारी रखते हुए) महाविद्यालय ने स्नातकोत्तर स्तर पर गृहविज्ञान, हिन्दी, मनोविज्ञान व एम.कॉम. की सम्बद्धता भी प्राप्त की। वर्ष 2012 में महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यानयन परिषद् (NAAC) द्वारा 'बी' श्रेणी प्रदान किया गया।

महाविद्यालय प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है तथा नवीन योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है।



महाविद्यालय का विशाल सभागार

**2020-2021** COMPULSORY

## Flow Chart of Online Registration
## Jagatpur P.G. College, Varanasi

Registration is Compulsory for Scholarship, library, Identity Card, etc.

↓

Visit to website http://onlinejppgc.org

↓

Click on Online Registration Button

↓

Enter Token No. and password then Click Login

↓

Student enter their personal Details, Academic Details, Course Details, Photo & Signature

↓

Print your Registration form

↓

It is necessary for Candidate to bring the print Registration form on the Entrance Examination day

↓

END

---

**Note : Date & Time of Entrance Exam is printed in booklet.**

**2020-2021** आवश्यक

## ऑनलाइन पंजीकरण का प्रवाह चार्ट
## जगतपुर पी.जी. कॉलेज, वाराणसी

पंजीकरण छात्रवृत्ति, पुस्तकालय, परिचय-पत्र आदि हेतु अनिवार्य है।

↓

वेबसाइट http://onlinejppgc.org पर जाएँ

↓

छात्र–ऑनलाइन पंजीकरण बटन पर क्लिक करें

↓

टोकन नम्बर और पासवर्ड भर कर लॉगिन करें

↓

अभ्यर्थी अपनी व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक विवरण, पाठ्यक्रम विवरण, फोटो और हस्ताक्षर दर्ज करें

↓

अपना आवेदन पत्र व पंजीकरण पत्र प्रिंट करें

↓

प्रवेश परीक्षा में सम्मिलत होने के लिए अभ्यर्थी पंजीकरण फार्म अपने साथ अवश्य लायें

↓

समाप्त

---

नोट : प्रवेश परीक्षा की तिथि बुकलेट पर अंकित है।

# जगतपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जगतपुर, वाराणसी (उ.प्र.)

## शैक्षिक विषय-सूची

### स्नातक कला वर्ग

**वित्तपोषित विषय**

हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, समाजशास्त्र, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र

**स्ववित्तपोषित विषय**

पत्रकारिता, मनोविज्ञान, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, कम्प्यूटर अप्लिकेशन, गृहविज्ञान, सांख्यिकी

### स्नातक विज्ञान वर्ग
**(स्ववित्तपोषित)**

भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, इण्डस्ट्रीयल माइक्रो बायलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान

### स्नातक वाणिज्य वर्ग
**(स्ववित्तपोषित)**

वाणिज्य विषय के समस्त ग्रुप

### स्नातक बी.सी.ए. संकाय
**(स्ववित्तपोषित)**

### स्नातकोत्तर कला वर्ग
**(वित्तपोषित) (वित्तपोषित) (स्ववित्तपोषित)**

समाजशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, हिन्दी, मनोविज्ञान

### स्नातकोत्तर वाणिज्य संकाय

### शोध

समाजशास्त्र, इतिहास

**शुल्क भुगतान विवरण (वित्तपोषित)**

उ.प्र. शासन

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शिक्षण शुल्क | 132.00 |
| 2. | महंगाई शुल्क | 54.00 |
| 3. | स्थानान्तरण शुल्क | 3.00 |
| 4. | स्कॉलर शुल्क | 2.00 |
| 5. | प्रवेश शुल्क | 5.00 |

**विश्वविद्यालय शुल्क**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | परीक्षा शुल्क | 1050.00 |
| 2. | नामांकन शुल्क | 100.00 |
| 3. | क्रीड़ा शुल्क | 120.00 |
| 4. | रोवर्स/रेन्जर्स शुल्क | 18.00 |
| 5. | डिग्री शुल्क | 120.00 |

**विद्यार्थी कोष**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विकास शुल्क | 120.00 |
| 2. | व्याख्यान शुल्क | 22.00 |
| 3. | पुस्तकालय शुल्क | 36.00 |
| 4. | वाचनालय शुल्क | 36.00 |
| 5. | परिचय पत्र शुल्क | 10.00 |
| 6. | मैगजीन शुल्क | 26.00 |
| 7. | चिकित्सा शुल्क | 6.00 |
| 8. | निर्धन छात्र शुल्क | 12.00 |
| 9. | महाविद्यालय शुल्क | 5.00 |
| 10. | प्रतिभूति शुल्क | 25.00 |
| 11. | पंखा शुल्क | 6.00 |
| 12. | जनरेटर शुल्क | 60.00 |
| 13. | परिषद शुल्क | 6.00 |
| 14. | राष्ट्र गौरव शुल्क | 120.00 |

नोट : विश्वविद्यालय व शासन द्वारा बढ़ाये जाने पर बढ़ा हुआ शुल्क देय होगा।

## प्रवेश परीक्षा 2020 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. 2020-21 से महाविद्यालय में उपलब्ध सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही प्रवेश किया जायेगा।
2. जिन पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीट संख्या के दो गुने से कम आवेदन होंगे, प्रवेश योग्यता प्रदायी परीक्षा में प्राप्तांकों पर आधारित मेरिट सूची के अनुसार वरीयता क्रम से प्रवेश लिया जायेगा।
3. प्रवेश समिति प्रवेश के सम्बन्ध में कोई भी निर्णय की अन्तिम अधिकारी है।
4. प्रवेश परीक्षा परिणाम एवं साक्षात्कार/काउन्सिलिंग की सम्भावित तिथियों की जानकारी महाविद्यालय के सूचना-पट्ट एवं महाविद्यालय की वेबसाइट 'www.jppgc.com' पर प्रकाशित की जायेगी। किसी विशेष परिस्थिति के कारण किसी परीक्षा की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट एवं महाविद्यालय की बेवसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

*Website :* www.jppgc.com *E-mail :* jpgc-vns@yahoo.in *Contact No. :* 0542 - 2634100

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा 2020-21 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ

स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर सत्र 2020-21 में प्रवेश हेतु होने वाली प्रवेश परीक्षा महाविद्यालय में निम्नलिखित तिथि एवं समय पर सम्पन्न होगी-

| | |
|---|---|
| प्रवेश आवेदन पत्र का विवरण : | दिनांक 6 मई 2020 |
| प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि : | दिनांक 25 जुलाई 2020 |
| प्रवेश आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि : | दिनांक 25 जुलाई 2020 |
| बी०ए० प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा : | दिनांक 26 जुलाई 2020 प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक |
| बी०एस०सी० प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा : | दिनांक 26 जुलाई 2020 अपराहन 11 बजे से 01 बजे तक |
| बी०कॉम० प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा : | दिनांक 26 जुलाई 2020 प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक |
| बी०सी०ए० प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा : | दिनांक 26 जुलाई 2020 अपराहन 11 बजे से 01 बजे तक |
| समस्त स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष प्रवेश परीक्षा :<br>एम०कॉम०, एम०ए० समाजशास्त्र,हिन्दी,<br>मनोविज्ञान,गृह विज्ञान,अंग्रेजी,मध्यकालीन इतिहास | दिनांक 26 जुलाई 2020 अपराहन 02 बजे से 04 बजे तक |

नोट: विशेष परिस्थिति में यदि किसी परीक्षा की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सुचना महाविद्यालय के सुचना पट्ट एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।

**विवरणिका व प्रवेश परीक्षा व् ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| स्नातक प्रथम वर्ष | : | 500/- मात्र |
| स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर | : | 500/- मात्र |

**II & III : 300/ मात्र**

**नोट-** अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

### प्रवेश सम्बन्धी सूचना

### सामान्य नियम

1. क) सत्र 2020-21 से सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा। बी.ए., बी.कॉम., बी.एस-सी., बी.सी.ए., एम.ए. व एम.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का प्रवेश योग्यता सूचकांक के आधार पर पूर्व निर्धारित संख्या में किया जायेगा।

   ख) एम.ए. प्रथम वर्ष (समाजशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, हिन्दी, मनोविज्ञान) में प्रवेश हेतु प्रवेशार्थी को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सम्बन्धित विषय से क्रमशः स्नातक (समाजशास्त्र, मध्यकालीन इतिहास, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, हिन्दी, मनोविज्ञान) के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

   ग) बी.सी.ए. एवं एम.ए. के समस्त विषयों में उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से ली जायेगी तथा 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है।

### स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु

1. तीन वर्ष से अधिक अन्तराल (2016 के पूर्व उत्तीर्ण) प्रवेशार्थी का प्रवेश नहीं होगा।
2. विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा घोषित तिथि के पश्चात् किसी भी संकाय में कोई प्रवेश नहीं होगा।
3. यदि कोई प्रवेशार्थी विकल्प-स्वरूप एक से अधिक संकायों में प्रवेश आवेदन-पत्र भरना चाहता है तो उसे प्रत्येक संकाय के लिए अलग-अलग प्रवेश परीक्षा आवेदन-पत्र भरना आवश्यक है। किसी भी अवस्था में एक संकाय से दूसरे संकाय में प्रवेश परीक्षा आवेदन-पत्रों का स्थानान्तरण नहीं होगा।
4. प्रवेश परीक्षा के पश्चात् योग्यता सूचकांक के आधार पर अहर्ता प्राप्त छात्रों का प्रवेश के लिए साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के समय छात्रों को अपने प्रवेश आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करने हेतु समस्त प्रमाण-पत्रों की मूल एवं सत्यापित छाया प्रतियाँ लाना आवश्यक होगा। स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश लेते समय प्रवजन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

5. एम.ए./एम.कॉम. में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| i) | एम.ए. समाजशास्त्र | 60 सीट |
| ii) | एम.ए. मध्यकालीन इतिहास | 60 सीट |
| iii) | एम.ए. अंग्रेजी | 60 सीट |
| iv) | एम.ए. हिन्दी | 60 सीट |
| v) | एम.ए. गृहविज्ञान | 30 सीट |
| vi) | एम.ए. मनोविज्ञान | 30 सीट |
| vii) | एम.कॉम. | 60 सीट |

7. बी.ए. / बी.कॉम. / बी.एस-सी. / बी.सी.ए. में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सीटों की संख्या निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| i) | कला संकाय | 1500 सीट |
| ii) | वाणिज्य संकाय | 376 सीट |
| iii) | विज्ञान संकाय | 640 सीट |
| iv) | बी.सी.ए. | 60 सीट |

## आरक्षण

### महाविद्यालय में प्रवेशार्थियों हेतु आरक्षण सम्बन्धी आवश्यक निर्देश-

अन्य पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों का प्रवेश राज्य सरकार द्वारा निर्धारित जातियों को ही देय होगा। जाति प्रमाण-पत्र में अभ्यर्थी की जाति का उल्लेख होना आवश्यक है। जाति का उल्लेख न होने पर या अन्य पिछड़े वर्ग के प्रमाण-पत्र पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति का उल्लेख होने पर या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के प्रमाण-पत्र पर अन्य पिछड़े वर्ग के जाति का उल्लेख होने पर आरक्षित श्रेणी का लाभ अनुमन्य नहीं होगा तथा अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी का माना जायेगा। आरक्षण का लाभ उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही देय होगा। उपरोक्त सीटों पर निम्न प्रावधान के अनुसार आरक्षण लागू होगा-

क) i) अनुसूचित जनजाति 22.5%

ii) अन्य पिछड़े वर्ग 27%

ख) (क) के अन्तर्गत (ख) आरक्षण प्रदान किया जायेगा-

i) स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित 2%

ii) उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त अथवा अपंग रक्षाकर्मियों अथवा युद्ध में मारे गये रक्षाकर्मियों अथवा उ.प्र. में तैनात रक्षाकर्मियों के पुत्र-पुत्रियों को 5%

iii) विकलांग अभ्यर्थी 3%

iv) महिला 20%

*(शासनादेश सं. 1191/70-2-2010 (58) 79, दिनांक 11 जून 2011)*

v) अल्पसंख्यक-नियमानुसार

## वरीयता सूची

1. वरीयता सूची का निर्धारण प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा।
2. महाविद्यालय के प्राध्यापकों/कर्मचारियों के पति/पत्नी, पुत्र/पुत्री का प्रवेश नियमों के अनुसार किया जायेगा।

## भारांक

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण निम्न प्रमाण-पत्र धारकों को नियमानुसार भारांक देय होगा-

1. एन.सी.सी. प्रमाण-पत्र धारकों हेतु
2. एन.एस.एस. प्रमाण-पत्र धारकों हेतु
3. रोवर्स/रेन्जर्स प्रमाण-पत्र धारकों हेतु
4. राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय / विश्वविद्यालय खेलकूद की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार भारांक देय होगा।

## प्रवेश नियम

1. प्रवेश लेते समय आवेदक को वांछित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत न कर पाने की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
2. बैक पेपर में उत्तीर्ण न होने पर प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
3. अभ्यर्थी को प्रवेश लेते समय अन्तिम संस्था द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण-पत्र, स्थानान्तरण प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. अनुचित साधन प्रयोग वाले छात्रों का प्रवेश किसी भी दशा में नहीं होगा।
5. निर्धारित तिथि तक शुल्क न जमा करने पर अभ्यर्थी का प्रवेश हेतु दावा स्वतः निरस्त माना जायेगा।

6. महाविद्यालय प्रशासन बिना कोई कारण बताये किसी भी छात्र का प्रवेश निरस्त कर सकता है।
7. प्रवेश शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

### शपथ-पत्र

जो छात्र संस्थागत न होने से अपनी शिक्षण-संस्था से चरित्र प्रमाण-पत्र नहीं प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उनके अध्ययन काल में अन्तराल है, उन्हें अध्ययन अन्तराल एवं चरित्र प्रमाण-पत्र के लिए नोटरी या प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा प्रदत्त हलफनामा प्रवेश के समय प्रस्तुत करना होगा जिसमें निम्नलिखित तथ्यों का उल्लेख होना आवश्यक है-

1. यह कि मैंने सत्र (पिछले सत्र)............. में किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अध्ययन नहीं किया है। मैं किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा निष्कासित भी नहीं किया गया हूँ।
2. यह कि मैं सत्र .............. में ............... के कारण किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर न पढ़सका/सकी।
3. यह कि मैं भारतीय दण्ड विधान की किसी भी आपराधिक धारा के अन्तर्गत न तो दण्डित हूँ और न ही इस प्रकार का कोई मुकदमा मेरे विरुद्ध अदालत में विचाराधीन है। (यदि ऐसा कोई मामला विचाराधीन है तो स्पष्टीकरण दें।)
4. यह कि मैं महाविद्यालय में अपने अध्ययन काल में निष्ठापूर्वक अध्ययन करूँगा तथा महाविद्यालय के सभी नियमों का पालन करते हुए अनुशासित रहूँगा।
5. यह कि मेरा चरित्र उत्तम है।

### पाठ्यक्रम

प्रवेशित अभ्यर्थी अपने कक्षा एवं विषय से सम्बन्धित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट 'www.mgkvp.ac.in' से डाउनलोड कर सकते हैं।

## कला-संकाय

### स्नातक अध्ययन : बी.ए. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश पात्र करने के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

**अनिवार्य विषय :**

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार स्नातक स्तर के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवं राष्ट्रगौरव विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

**वैकल्पिक विषय :**

(1) हिन्दी, (2) अंग्रेजी, (3) संस्कृत, (4) समाजशास्त्र, (5) मध्यकालीन इतिहास, (6) राजनीतिशास्त्र, (7) अर्थशास्त्र, (8) पत्रकारिता, (9) मनोविज्ञान, (10) भूगोल, (11) शिक्षाशास्त्र, (12) कम्प्यूटर अप्लीकेशन, (13) गृहविज्ञान, (14) सांख्यिकी

उपर्युक्त वैकल्पिक विषयों में से प्रत्येक छात्र को बी.ए. प्रथम वर्ष में प्रवेश लेते समय तीन विषयों का चयन नामांकित ध्यातव्य प्रतिबन्धों को दृष्टि में रखकर करना होगा।

### ध्यातव्य प्रतिबन्ध :

विषय पुँज : महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा निर्धारित निम्न विषय-समूहों में से एक विषय का चयन करते हुए तीन विषयों को लिया जा सकता है-

1. समाजशास्त्र / पत्रकारिता / कम्प्यूटर अप्लीकेशन / हिन्दी / अंग्रेजी
2. राजनीतशास्त्र / मनोविज्ञान / सांख्यिकी
3. इतिहास / भूगोल
4. संस्कृत / हिन्दी / अंग्रेजी
5. अर्थशास्त्र / सांख्यिकी / शिक्षाशास्त्र
6. गृहविज्ञान (केवल छात्राओं के लिए)

**नोट**- विश्वविद्यालय / महाविद्यालय प्रवेश नियमावली में संशोधन के आधार पर परिवर्तन संभव है एवं चयनित विषय में परिवर्तन नहीं किया जा सकता है।

### स्नातकोत्तर अध्ययन : एम.ए. (सेमेस्टर पद्धति)

(1) हिन्दी, (2) अंग्रेजी, (3) समाजशास्त्र, (4) मनोविज्ञान, (5) मध्यकालीन इतिहास (6) गृहविज्ञान (7) एम. काम.

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार उपरोक्त विषयों की परीक्षा सेमेस्टर प्रणाली द्वारा होती है। सभी विषयों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु वही छात्र सामान्यतः अर्ह है जिन्होंने बी.ए. त्रिवर्षीय परीक्षा उस विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।

## वाणिज्य-संकाय

### स्नातक अध्ययन : बी.कॉम. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)

बी.कॉम. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है। बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय के द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक है। बी.कॉम. की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार होगी।

**अनिवार्य विषय :**

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार वाणिज्य संकाय के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवं राष्ट्रगौरव विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

**स्नातकोत्तर अध्ययन : एम.कॉम. चार सत्रीय (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम)**

एम.कॉम. के प्रवेशार्थियों के लिए बी.कॉम. परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम.कॉम. की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार सेमेस्टर पद्धति से होगी।

## विज्ञान-संकाय

**स्नातक अध्ययन : बी.एस-सी. (त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम)**

बी.एस-सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है।

**अनिवार्य विषय :**

विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार विज्ञान संकाय के प्रत्येक छात्र के लिए पर्यावरण एवं राष्ट्रगौरव विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।

**बी.एस-सी. : गणित समूह**

**विषय श्रेणी** : (1) भौतिक विज्ञान, गणित एवं रसायन विज्ञान (PMC)

**वैकल्पिक विषय** : (1) सैन्य विज्ञान

**नोट-** रसायन विज्ञान के स्थान पर सैन्य विज्ञान लिया जा सकता है।

**बी.एस-सी. : जीव विज्ञान समूह**

**विषय श्रेणी** : वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं रसायन विज्ञान (BZC)

**वैकल्पिक विषय** : (1) इण्डस्ट्रीयल माइक्रो बायलॉजी, (2) बायोटेक्नोलॉजी, (3) सैन्य विज्ञान

**नोट-** रसायन विज्ञान / प्राणी विज्ञान / वनस्पति विज्ञान के स्थान पर इण्डस्ट्रीयल माइक्रो बायलॉजी / बायोटेक्नोलॉजी / सैन्य विज्ञान लिया जा सकता है।

स्थान रहने पर प्राचार्य की विशेष अनुमति से भूतपूर्व छात्रों को केवल सैद्धान्तिक व्याख्यान की सुविधा प्रदान की जा सकती है, जिसके लिए उन्हें रु. 250.00 प्रतिवर्ष शुल्क देना होगा। भूतपूर्व छात्रों को प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा हेतु रु. 50.00 कार्यालय में जमा करके उसकी रसीद सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत करना होगा, तभी वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

बी.सी.ए.–त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। इण्टमीडिएट/समकक्ष में गणित विषय आवषयक है।

## जाँच सूची

आवेदन-पत्र जमा करने से पहले अभ्यर्थी निम्नलिखित बातों की जाँच अवश्य ही कर लें-

1. आवेदन-पत्र हर दृष्टि से पूर्ण है तथा घोषणा अभ्यर्थी व उसके पिता/अभिभावक के द्वारा ही हस्ताक्षरित है। अपूर्ण आवेदन-पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
2. पासपोर्ट आकार के नवीनतम् फोटो आवेदन-पत्र पर सही जगह गोंद से चिपके हैं, तथा सभी स्वहस्ताक्षरित हैं।
3. आवेदन-पत्र के साथ श्रेणी (वर्ग), उपश्रेणी (उपवर्ग) आदि की उपयुक्त प्रविष्टियाँ आवेदन-पत्र में सही जगह भर दें, अन्यथा किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

## काउन्सिलिंग के समय निम्नलिखित के साथ उपस्थित हों-

1. मूल प्रवेश-पत्र (Admit Card)
2. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा मूल अंक तालिका एवं प्रमाण-पत्र तथा उसकी छाया प्रतियाँ।
3. इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा मूल अंक तालिका एवं प्रमाण-पत्र तथा उसकी छाया प्रतियाँ।
4. स्नातक या समकक्ष परीक्षा मूल अंक तालिका एवं प्रमाण-पत्र तथा उसकी छाया प्रतियाँ।
5. चरित्र प्रमाण-पत्र की मूल प्रति।
6. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) / माइग्रेशन प्रमाण-पत्र मूल प्रति।
7. श्रेणी (वर्ग), उपश्रेणी (उपवर्ग), अधिभार सम्बन्धित मूल प्रमाण-पत्र तथा एवं छाया प्रति।
8. निर्धारित शैक्षणिक शुल्क।
9. एन्टी-रैगिंग सम्बन्धित दो शपथ-पत्र (विद्यार्थी एवं अभिभावक द्वारा); प्रारूप कॉलेज वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## संस्था की परिकल्पना

1. सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना।
2. आत्मनिर्भर, प्रबुद्ध नागरिक समुदाय विकसित क़रने में सहायता करना।
3. युवाओं में चरित्र-निर्माण का सम्बर्धन करना।

## संस्था का विशिष्ट उद्देश्य

1. सभी विद्यार्थियों में शिक्षा का विकास करना; मुख्यतः ग्रामीण समुदाय को दृष्टिगत रखते हुए।
2. समुदाय के साथ सहयोगात्मक एवं सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध स्थापित करना।
3. स्वस्थ पर्यावरण का संरक्षण एवं सम्वर्धन करना।

## सामान्य नियम

1. प्रत्येक छात्र/छात्राओं को अनुशासित, सचेष्ट तथा सतर्क रूप में आचरण करना होगा। कक्षा में समय से आना, शान्ति बनाये रखना, प्रत्येक छात्र/छात्रा की प्राथमिकता होगी।
2. छात्र/छात्रा को अपना परिचय-पत्र सदैव साथ रखना होगा। किसी भी अध्यापक या प्राक्टर द्वारा कभी भी माँगा जा सकता है।
3. महाविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक विषय में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इस नियम का पालन न करने वाले छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म रोक दिया जायेगा।
4. महाविद्यालय के सभी शुल्कों का समय से भुगतान करना प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। किसी भी विद्यार्थी को वार्षिक परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र तभी दिया जायेगा जब वह महाविद्यालय के सभी शुल्क जमा कर देगा तथा सभी सम्बन्धित विभागों एवं पुस्तकालय से अदेय प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लेगा।।
5. महाविद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने, लगातार अनुपस्थित रहने, शान्ति-व्यवस्था भंग करने तथा अन्य अनियमितताओं में शामिल होने के कारण विद्यार्थी को महाविद्यालय से कभी भी निष्कासित किया जा सकता है।
6. रैंगिग एक दण्डनीय अपराध है तथा इसमें संलिप्त पाये जाने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।
7. किसी छात्र/छात्रा के प्रवेश को रखने या निरस्त करने का सर्वाधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है।

## विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

1. प्रवेश के पश्चात् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति कार्यालय से छात्रवृत्ति फार्म प्राप्त कर भरना आवश्यक है। छात्रवृत्ति फार्म न भरने पर छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी।
2. प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् विश्वविद्यालय का परीक्षा फार्म भरना आवश्यक है।
3. परीक्षा फार्म प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय में परीक्षा कार्यालय से सम्पर्क करें।
4. परीक्षा फार्म न जमा करने की स्थिति में परीक्षा से वंचित माना जायेगा।
5. यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा फार्म जमा नहीं करता है तो इसका उत्तरदायित्व विद्यार्थी का स्वतः का होगा।
6. परीक्षा फार्म जमा न करने पर विद्यार्थी को शुल्क वापस नहीं किया जायेगा तथा उसे पुनः प्रवेश लेते समय पूर्ण शुल्क जमा करना होगा।
7. एक संकाय से दूसरे संकाय में स्थानान्तरण नहीं किया जायेगा और न ही शुल्क वापस किया जायेगा।
8. पुस्तकालय से पुस्तक नियमानुसार प्रदान की जायेगी।

9. किसी भी दशा में शुल्क वापसी की व्यवस्था नहीं है।

10. महाविद्यालय में सम्पन्न होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में सभी विद्यार्थियों की प्रतिभागिता अपेक्षित है। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाता है।

11. जो विद्यार्थी संगीत, कला, वाद-विवाद, भाषण, लेखन व अन्य विद्या में पारंगत हैं, प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

12. प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को महाविद्यालय से पारितोषिक प्रदान किया जाता है।

13. कक्षा में मोबाइल/गुटखा/अन्य नशा के पदार्थ का सेवन वर्जित है। कक्षा में मोबाइल बजने पर अर्थदण्ड लिया जायेगा तथा बार-बार गलती करने पर अन्य कार्यवाही की जायेगी।

14. महाविद्यालय में विद्यार्थियों से पठन-पाठन में सहयोग करने की अपेक्षा की जाती है।

15. महाविद्यालय में परीक्षा काल में कक्षों में छात्र/छात्रा के पास प्रवेश-पत्र, पेन, स्केल, स्केच, पेंसिल के अतिरिक्त कोई भी कागज व इलेक्ट्रानिक सामान अनुचित साधन के श्रेणी में आयेगा।

## परीक्षा आवेदन-पत्र

प्रत्येक छात्र/छात्रा द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के भीतर परीक्षा आवेदन-पत्र आनलाइन शुद्ध एवं पूर्णरूप से केवल एक भाषा में (हिन्दी-अंग्रेजी दोनों भाषाओं का मिश्रण नहीं) भरकर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। इस कार्य में विद्यार्थियों को विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए। परीक्षा आवेदन-पत्र के जाँच पत्र (Verificaton Form) में विषयों/प्रश्न-पत्रों का नाम शुद्ध रूप से भरने या लिये गये विषयों एवं प्रश्न-पत्रों को परीक्षा आवेदन-पत्र, कम्प्यूटर प्रोफार्मा एवं जाँच पत्र में न लिखने पर उन विषयों के प्रश्न-पत्रों में परीक्षा न दे सकने का उत्तरदायित्व विद्यार्थी पर ही होगा। परीक्षा आवेदन-पत्र में विषयों/प्रश्न-पत्रों का नाम शुद्ध रूप से भरने हेतु सम्बन्धित विभाग अथवा परीक्षा विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

जो विद्यार्थी अपना परीक्षा आवेदन-पत्र सम्यक् रूप से भरकर योग्यता प्रदायी परीक्षा के अंक-पत्र के साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि तक जमा कर देंगे, केवल उन्हीं का परीक्षा आवेदन-पत्र अग्रसारित किया जायेगा। अपूर्ण, अस्थायी प्रवेश प्राप्त (Provisional Admission) एवं निर्धारित तिथि के पश्चात् परीक्षा आवेदन-पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षा आवेदन-पत्र किसी भी अवस्था में अग्रसारित नहीं किया जायेगा।

## नामांकन

महाविद्यालय में पहली बार प्रवेश लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को विश्वविद्यालय में नामांकित होने के लिए प्रवेश शुल्क जमा करते समय नामांकन आवेदन-पत्र भरना आवश्यक है। नामांकन आवेदन-पत्र के साथ विद्यार्थियों को अपनी पूर्व शिक्षण-संस्था से प्राप्त स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र/प्रवजन प्रमाण-पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

## प्रतिभूति धन की वापसी **BA III विद्यार्थियों**

परीक्षाफल घोषित होने के तीन महीने बाद आवेदन करने पर छात्र को प्रतिभूति धन लौटा दिया जायेगा। तीन वर्ष की अवधि के भीतर आवेदन न करने पर यह धन कालातीत होकर प्रतिभूत कोष में जमा रहेगा

## अनुशासनिक नियम एवं निर्देश

आप एक विद्यार्थी के रूप में महाविद्यालय के सदस्य हैं और आशा की जाती है कि आप अपने क्रियाकलापों एवं आचरण के प्रति सचेष्ट रहकर महाविद्यालय के गौरव की अभिवृद्धि करेंगे। एतद् निमित्त प्रत्येक विद्यार्थी को निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है-

1. प्रत्येक विद्यार्थी को एक परिचय-पत्र प्राप्त होगा जिसे सदैव अपने पास रखना आवश्यक है और महाविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा माँगने पर तत्काल दिखाना अनिवार्य है।

2. परिचय-पत्र का नवीनीकरण प्रतिवर्ष होगा।

3. परिचय-पत्र के गायब हो जाने या किसी दूसरे का परिचय-पत्र पा जाने की सूचना छात्र को महाविद्यालय के प्राचार्य को अवश्य देनी चाहिए।

4. जिस छात्र का मूल परिचय-पत्र गायब हो जायेगा, उसे महाविद्यालय कार्यालय में ₹ 50.00 शुल्क जमा करके प्रतिलिपि परिचय-पत्र प्राप्त करना होगा। यदि छात्र पुस्तकालय कार्ड भी प्राप्त करना चाहता है तो इसके लिए भी अलग से शुल्क 20.00 जमा करना होगा। इसके लिए उसे आवश्यक सूचनाओं के साथ कार्यालय में एक प्रार्थना-पत्र भी देना होगा।

5. किसी छात्र द्वारा अन्य के परिचय-पत्र का प्रयोग अक्षम्य अपराध माना जायेगा।

6. **रैगिंग दण्डनीय अपराध है।**

## विशेष ध्यातव्य नियम

यह विशेष ध्यातव्य है कि आप जब तक महाविद्यालय में रहें, यहाँ के नियमों एवं अनुशासन का पूर्ण पालन करें निम्नलिखित कार्यकलाप पूर्ण वर्जित हैं-

1. महाविद्यालय का कोई छात्र/छात्रा परेशानी या किसी तरह की अनुशासनहीनता की दशा में प्राचार्य/प्राक्टोरियल बोर्ड से सम्पर्क करें।

2. कोई छात्र/छात्रा महाविद्यालय में किसी तरह का हथियार लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

3. किसी भी दशा में महाविद्यालय का कोई छात्र/छात्रा किसी तरह की मारपीट, गाली-गलौज, अराजकता उत्पन्न करने की कोशिश नहीं करेगा। पीड़ित होने की दशा में प्राक्टोरियल बोर्ड/प्राचार्य से सम्पर्क करें।

4. अनुशासनहीनता करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धी छात्र/छात्रा के ऊपर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

5. महाविद्यालय में पठन-पाठन, अनुशासन, पुस्तकालय में होने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में स्वलिखित रूप में प्राचार्य को अवगत करायें।

## साइकिल स्टैण्ड

साइकिल स्टैण्ड निःशुल्क है तथा विद्यार्थी स्टैण्ड में ही अपना वाहन जमा करेंगे तथा ताला लगाकर ही वाहन खड़ा करेंगे। खो जाने पर महाविद्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी, टोकन अवश्य प्राप्त कर लें।

## उपस्थिति

विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रत्येक विद्यार्थी की प्रत्येक कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इससे कम उपस्थिति वाले छात्रों को परीक्षा से वंचित होना पड़ सकता है। विद्यार्थी को समय-समय पर अपनी उपस्थिति के विषय में अवगत होते रहने के लिए निम्नलिखित बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए-

क. विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति की न्यूनता सम्बन्धी सूचना के लिए समय-समय पर सूचना-पट्ट पर सूचनाएँ लगाई जाती हैं। अभिभावकों से आशा की जाती है कि वे अपने पाल्यों का पूरा ध्यान रखेंगे।

ख. अध्यापक अपनी कक्षा-पंजिकाओं में भी उपस्थिति का ब्यौरा रखते हैं। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सम्बन्धित अध्यापकों से समय-समय पर अपनी उपस्थिति की जानकारी के लिए सम्पर्क करते रहेंगे।

# जगतपुर पी० जी० कालेज जगतपुर वाराणसी

## 2020–21 शुल्क विवरण

| कक्षा वर्ष | प्रथम वर्ष | द्वितीय वर्ष | तृतीय वर्ष |
|---|---|---|---|
| बी०ए० | रु०–6340.00 | रु०–6540.00 | रु०–5740.00 |
| बी०एस–सी० | रु०–12500.00 | रु०–11950.00 | रु०–9500.00 |
| बी०काम० | रु०–12000.00 | रु०–11850.00 | रु०–8150.00 |
| बी०सी०ए० | रु०–33000.00 | रु०–33300.00 | रु०–33300.00 |
| एम०ए० – हिन्दी | रु०–13000.00 | रु०–13300.00 | |
| एम०ए० – समाजशास्त्र | रु०–4194.00 | रु०–4494.00 | |
| एम०ए० – म० इतिहास | रु०–4194.00 | रु०–4494.00 | |
| एम०ए० – अंग्रेजी | रु०–13000.00 | रु०–13300.00 | |
| एम०ए० – मनोविज्ञान | रु०–13000.00 | रु०–13300.00 | |
| एम०ए० – गृहविज्ञान | रु०–28000.00 | रु०–28300.00 | |
| एम०काम० | रु०–18000.00 | रु०–18300.00 | |

नोट :– 1. समस्त शुल्क महाविद्यालय के यूको बैंक शाखा जगतपुर में आनलाइन द्वारा जमा किया जायेगा।

2. बी०ए०, बी०एस–सी०, बी०काम, व बी०सी०ए० प्रथम द्वितीय व तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि यदि विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क में वृद्धि होती है तो परीक्षा फार्म भरते समय अतिरिक्त परीक्षा शुल्क अनिवार्य रुप से देय होगा।

प्राचार्य

(डा० निलय कुमार)

9.2020

Principal
Jagatpur Postgraduate College
Jagatpur, Varanasi

## परिसर साक्षात्कार

'कैरियर एवं काउन्सिलिंग सेल' महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के कैरियर निर्माण हेतु आवश्यक सुझाव एवं निर्देशन प्रदान करता है। विभिन्न ख्यातिलब्ध संस्थाओं से रिसोर्स परसन्स को आमंत्रित कर महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को उनसे परिसंवाद का अवसर उपलब्ध कराया जाता है। विभिन्न कम्पनियों/संस्थाओं द्वारा परिसर साक्षात्कार की माँग पर छात्र/छात्राओं का साक्षात्कार डॉ. अदिति मिश्रा, अध्यक्ष, राजनीतिशास्त्र विभाग की देखरेख में सम्पन्न कराया जाता है।

## रियायती रेलवे यात्रा

रेलवे के नये नियम के अनुसार रियायती रेलवे यात्रा के लिए केवल ग्रीष्मावकाश, दुर्गापूजा तथा शिशिरावकाश में छात्रों को घर जाने के निमित्त ही रेलवे कन्सेशन दिये जायेंगे। प्रवेश आवेदन-पत्र में उल्लिखित स्थायी पते पर ही रेलवे कन्सेशन दिये जायेंगे। स्थायी पते में परिवर्तन होने पर प्राचार्य को सप्रमाण तुरन्त सूचित करें अन्यथा परिवर्तित पते पर कन्सेशन की सुविधा प्राप्त नहीं हो सकेगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में नव प्रवेशी छात्र/छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विधिवत कार्यरत है।

## रोवर्स/रेन्जर्स प्रशिक्षण

महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं हेतु रोवर्स/रेन्जर्स की इकाइयाँ कार्यरत हैं। जिनके प्रमाण-पत्र के आधार के विभिन्न स्तरों पर भारांक निर्धारित हैं।

## सूचना प्रसारण

महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल-कूद, प्रवेश तथा परीक्षा विषयक और अन्य समस्त आवश्यक गतिविधियों से सम्बन्धित सूचनाओं को सूचना पट्ट पर लगा दिया जाता है। महाविद्यालय की दैनिक गतिविधियों से अवगत होते रहने के लिए छात्रों को नियमित रूप से सूचना पट्ट का अवलोकन करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो अनेक आवश्यक महाविद्यालयी गतिविधियों की जानकारी से वंचित हो जायेंगे और ऐसी अवस्था में अनेक सुअवसरों से लाभ न उठा पाने के उत्तरदायी वे स्वयं होंगे।

विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों से सम्बन्धित सूचना भी समय-समय पर सूचना-पट्ट पर लगा दी जाती है। इस विषय में जानकारी हेतु विद्यार्थी महाविद्यालय में सम्बन्धित कार्यालय सहायक से सम्पर्क करें।

## परीक्षा विभाग


अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण अंक-पत्रों के लिए परीक्षा प्रकोष्ठ की व्यवस्था की गयी है। परीक्षा सम्बन्धी किसी अन्य समस्या के लिए भी इस विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

**- प्राचार्य**

# महाविद्यालय के शिल्पी



मातृ संस्थापक
स्व. राय भगवती प्रसाद



संस्थापक सदस्य
स्व. शारदा सिंह
भू.पू. प्रधानाचार्य
जगतपुर, इण्टर कालेज,
वाराणसी



संस्थापक अध्यक्ष
स्व. बाबू शिवनाथ सिंह



पूर्व प्राचार्य
स्व. डा. जवाहर लाल सिंह



प्रबन्ध समिति के वर्तमान अध्यक्ष
श्री अनिरुद्ध नारायण सिंह



प्रबन्ध समिति के वर्तमान प्रबन्धक
श्री रामसागर सिंह

# महाविद्यालय के विभिन्न भवन




विद्यालय का विशाल सभागार भवन




कम्प्यूटर एवं बायो साइंस भवन



विज्ञान एवं वाणिज्य भवन



प्रशासनिक भवन




पुस्तकालय




सभागार

# कुलगीत

## जगतपुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय

जगतपुर, वाराणसी (उ0प्र0)

सुन्दर, सुरम्य, स्नेहिल, मन को लुभाने वाली,
पुरखों की है ये थाती, इसकी छटा निराली।
गाँवों में खुल गयी फिर प्राचीन तक्षशिला,
इस क्षेत्र की नालन्दा छात्रों का सिलसिला।
रमणीय और सुहानी, मन को लुभाने वाली,
विद्या की है ये घाटी, इसकी छटा निराली।
पूरब में इसके सुबहें बनारस हैं सुहानी,
कलकल निनाद करती दरिया की है रवानी।
गोदी पुनीत सबको पनाह देने वाली,
मस्तक की है ये बस्ती सद्ज्ञान देने वाली।
आते बसन्त सरसों के खेत खिलखिलाते,
कोयल की कूक सुन-सुन भौरे भी गुनगुनाते।
पावस का प्यार पाकर जब नाचत मयूरी,
गाता है गीत सावन झूमती है डाली-डाली।
इसके भवन निराले मन मोह लेने वाले,
स्रष्टा की कीर्तियों के गुणगान करने वाले।
तरुओं की ये कतारें, पुष्पित परागवली,
बगिया रहे हमेशा आबाद, हे! श्रीमाली!
गावों के छात्र पढ़कर आलोक नित्य पाते,
विज्ञान, कला, वाणिज्य के पाठ गुनगुनाते।
कम्प्यूटर आदि विषयों का ज्ञान देने वाली,
अज्ञान के तिमिर पे रचती है जो दिवाली।
आकर यहाँ पे कोई फिर लौटना न चाहे,
बहती है ज्ञान-गंगा धो ले जो हाथ चाहे।
हिन्दू हो या मुसलमां सबने मुराद पा ली,
सब पे समान दृष्टि ममता लुटाने वाली।
माटी ये जगतपुर की, सबको गले लगाती,
बढ़ती रहे हमेशा पुरखों की है ये थाती।
'वसुधैव कुटुम्बकम्' को साकार करने वाली,
संसार में सभी का उपकार करने वाली।
सुन्दर, सुरम्य, स्नेहिल, मन को लुभाने वाली,
पुरखों की है ये थाती इसकी छटा निराली।